कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-30.07.2025

विषय:- गैर-इरादतन हत्या के मामले मे वांछित अभियुक्त अभिषेक कुमार को थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 299/2025 धारा 281,105,352 बीएनएस थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त अभिषेक कुमार पुत्र मोतीलाल निवासी- हिरामनपुर थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक 30.07.2025 को समय करीब 08.50 बजे बरियासनपुर अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक 13.05.2025 को वादी मुकदमा ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए वादी के गाड़ी में टक्कर मार देने, गाली गुप्ता देने तथा वादी के साथी को मारना पीटना जिसे वादी के साथी की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर पर मु0अ0सं0- 299/2025 धारा 281,105,352 बीएनएस पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 रोहित सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अभिषेक कुमार पुत्र मोतीलाल निवासी- हिरामनपुर थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 20 वर्ष।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान-

बरियासनपुर अण्डरपास के पास से, दिनांक 30.07.2025 को समय करीब 08.50 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0299/2025 धारा 281,105,352 बीएनएस थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार वर्मा, उ0नि0 रोहित सिंह व हे0का0 सुरेन्द्र यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी